## एक नजर में




### डीएमएफ के 97 लाख में अनियमितता के आरोप

सिंगरौली. जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से शासकीय महाविद्यालय बरका के लिए स्वीकृत 97.40 लाख रुपये की सामग्री खरीदी को लेकर ब?ा विवाद सामने आया है। शासकीय महाविद्यालय बरका के प्राचार्य ने अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा रीवा संभाग को विस्तृत शिकायत भेजकर खरीद प्रक्रिया में गंभीर वित्तीय अनियमितता, नियमों की अनदेखी और दस्तावेज छिपाने के आरोप लगाए हैं। शिकायत में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय अग्रणी महाविद्यालय बैढ़न के तत्कालीन प्राचार्य डॉ. एमयू सिद्दीकी की भूमिका पर भी गंभीर सवाल ख? किए गए हैं। शिकायत के अनुसार जिला खनिज प्रतिष्ठान सिंगरौली द्वारा 15 अक्टूबर 2024 को जारी प्रशासकीय स्वीकृति आदेश के तहत बरका महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति को डीएमएफ मद से 97.40 लाख रुपये की सामग्री क्रय की स्वीकृति दी गई थी। प्रथम किस्त के रूप में 40 लाख रुपये भी स्वीकृत किए गए थे.

### जर्जर दीवार के मलबे की चपेट में आए 3 बच्चे

शहडोल. रेलवे की जर्जर दीवार गिरने से बड़ा हादसा हो गया. रेलवे इंस्टीट्यूट के पास स्थित रेलवे की एक पुरानी दीवार अचानक भरभराकर गिर गई. उस समय दीवार के पास तीन बच्चे खेल रहे थे, जो मलबे की चपेट में आ गए. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने शोर सुनते ही दौड़कर दीवार का मलबा हटाना शुरू किया और तीनों बच्चों को बाहर निकाला. घायल बच्चों की हालत गंभीर होने पर उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है. चिकित्सकों के अनुसार बच्चों के सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं. कुछ बच्चों को फ्रैक्चर के साथ हेड इंजरी भी हुई है. डॉक्टरों की निगरानी में सभी का उपचार चल रहा है. हादसे में घायल बच्चों की पहचान यश कुमार, निशांत कुमार और अंशुमन पांडेय के रूप में हुई है. तीनों की उम्र करीब 10 से 12 वर्ष के बीच बताई जा रही है. हादसे की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए.

# वाहन की टक्कर से दो की मौत

**एक का सिर धड़ से अलग हुआ**

**शिवपुरी, 5 जुलाई . जिले के देहात थाना क्षेत्र में एनएच-46 पर सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई. नायरा पेट्रोल पंप के पास हुए इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही जान चली गई, जबकि दूसरे ने ग्वालियर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया.**

मृतकों की पहचान ईसागढ़ निवासी संतोष कुशवाह उर्फ रामस्वरूप कुशवाह (40) और जगतपुर, कोलारस निवासी आकाश कुशवाह (22) पिता डोवलिया कुशवाह के रूप में हुई. दोनों शिवपुरी में सेटिंग का काम करने के बाद शनिवार शाम करीब 7 बजे अपनी बाइक से घर लौट रहे थे. नायरा पेट्रोल पंप के पास पहुंचने पर एक अज्ञात



वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि संतोष कुशवाह का सिर धड़ से अलग हो गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में आकाश कुशवाह गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे पहले शिवपुरी में प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण ग्वालियर रेफर कर दिया गया. ग्वालियर में इलाज के दौरान आकाश ने भी दम तोड़ दिया.

### युवक का शव मिला हत्या की आशंका

इंदौर. सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार सुबह सीएचएमओ कार्यालय के पीछे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई. युवक के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं. घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए पुलिस हत्या की आशंका मानकर जांच कर रही है. पालिका प्लाजा के पीछे मंदिर के ओटले पर करीब 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा होने की सूचना सुबह स्थानीय लोगों ने दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया. प्रारंभिक जांच में युवक के सिर पर किसी भारी पत्थर या अन्य ठोस वस्तु से वार किए जाने के निशान मिले हैं. पुलिस को आशंका है कि हत्या के बाद शव यहां लाकर फेंका है. हालांकि मौत का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा. फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है. पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में दर्ज गुमशुदगी की जानकारी खंगाल रही है. साथ ही घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि मृतक की पहचान के साथ आरोपियों तक पहुंचा जा सके. शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है.

# स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर हो रहीं बेहतर : शुक्ल

**रीवा, 5 जून. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में यूनिसेफ के सहयोग से नवनिर्मित मातृ-नवजात शिशु देखभाल यूनिट सहित चार महत्वपूर्ण स्वास्थ्य इकाइयों का लोकार्पण किया. उन्होंने गर्भ संस्कार यूनिट, आदर्श टीकाकरण केंद्र और राष्ट्रीय वृद्धजन देखभाल कार्यक्रम के तहत फिजियोथेरेपी यूनिट का भी शुभारंभ किया. इन सुविधाओं से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी.**

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर बेहतर किया जा रहा है और रीवा में चिकित्सा सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है. उन्होंने कहा कि नई इकाइयों के शुरू होने से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होगी तथा मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने में मदद



मिलेगी. उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जिला अस्पताल में नया ओपीडी भवन और अन्य विस्तार कार्य भी पूरे किए जाएंगे.

उन्होंने यह भी कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है तथा डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती के साथ आधुनिक उपकरण भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं. कार्यक्रम में अधिकारियों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं और नई इकाइयों की कार्यप्रणाली की जानकारी दी. इस अवसर पर यूनिसेफ प्रतिनिधि सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे.

### गायिका तीजन बाई के निधन पर शोक व्यक्त

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पद्म विभूषण से सम्मानित प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि तीजन बाई जी का निधन लोककला और सांस्कृतिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है. अपनी विलक्षण प्रतिभा, कठोर साधना और समर्पण के माध्यम से उन्होंने पंडवानी गायन को न केवल देश में बल्कि विश्व स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई.

## रिश्वत मामले में ओएसडी समेत 3 अधिकारी सस्पेंड

**भोपाल, 5 जुलाई . मध्यप्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना के ओएसडी अशोक कुमार बाथम, निज सहायक दिनेश भकोरिया और स्टेनो टाइपिस्ट अंकित अवधिया को ट्रांसफर के बदले रिश्वत की डील में शामिल होने के आरोपों के चलते सरकार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.**

इन पर आरोप है कि वे ट्रांसफर के एवज में लाखों रुपए की मांग कर रहे थे. जिसमें खुफिया कैमरे में इन अधिकारियों की बातचीत रिकॉर्ड हुई थी. स्टिंग में कृषि विस्तार अधिकारी, नर्स और वन रक्षक के ट्रांसफर के बदले 5 से 15 लाख रुपए तक की डील की बात सामने आई थी.

आदेश के अनुसार ओएसडी अशोक कुमार बाथम को निलंबन के बाद उप संचालक, किसान कल्याण एवं कृषि विकास, जिला सीधी मुख्यालय भेजा गया है. वहीं दिनेश भकोरिया और अंकित अवधिया को भी निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय सामान्य प्रशासन विभाग (पूल), मंत्रालय, भोपाल निर्धारित किया गया है.

## अवैध खनन में पकड़ी गई जेसीबी को छोड़ने एसडीएम के आदेश की चर्चा

**मुरैना, 05 जुलाई . मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के सबलगढ़ अनुभाग में शासकीय भूमि से कथित अवैध मिट्टी उत्खनन करते हुए पकड़ी गई जेसीबी मशीन को अनुविभागीय दंडाधिकारी ( एसडीएम ) द्वारा मानवीय आधार पर मुक्त करने के आदेश के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है.**

आधिकारिक जानकारी के अनुसार 26 जून को राजस्व विभाग को सूचना मिली थी कि रामपुर क्षेत्र के जारोली मोजा में जेसीबी मशीन से शासकीय भूमि से मिट्टी का अवैध उत्खनन किया जा रहा है. सूचना पर राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और जेसीबी मशीन को जब्त कर रामपुर थाना परिसर में खड़ा करा दिया.

बताया गया है कि दो जुलाई को रामपुर थाना पुलिस को सबलगढ़ की अनुविभागीय दंडाधिकारी मेघा तिवारी का आदेश प्राप्त हुआ, जिसमें मशीन को मुक्त करने के निर्देश दिए गए. आदेश में उल्लेख किया गया है कि संबंधित मशीन खेत समतलीकरण के कार्य में प्रयुक्त की जा रही थी तथा मशीन मालिक की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है. साथ ही यह भी कहा गया कि उक्त मशीन उसकी आजीविका का एकमात्र साधन है, इसलिए मानवीय आधार पर उसे मुक्त किया जाए.

## नदी में डूबने से दो मासूमों की मौत



**रायसेन.** मध्यप्रदेश में रायसेन जिले के रंगपुरा केसरी गांव में नदी में डूबने से दो मासूम बालिकाओं की मृत्यु हो गई. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों बालिकाएं नदी किनारे गई थीं. इसी दौरान वे गहरे पानी में डूब गईं और बहाव के साथ काफी दूर निकल गईं. सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा दोनों को नदी से बाहर निकालकर जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी. घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है.

## साइकिल से सीहोर पहुंचे जीतू पटवारी

**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप**

**सीहोर, 05 जुलाई . मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी आज रविवार को साइकिल से भोपाल से सीहोर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ शहर में साइकिल यात्रा की, गणेश मंदिर में दर्शन-पूजन किया और राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधा.**

सीहोर पहुंचने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती और शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया. इसके बाद पटवारी ने



कार्यकर्ताओं के साथ साइकिल से शहर का भ्रमण किया.

पटवारी ने सीहोर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की. मंदिर परिसर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और राज्य की व्यवस्था 'अलीबाबा और चालीस चोर' की तरह काम कर रही है. इसके बाद वह साइकिल से ही शहर की एक प्रसिद्ध कचौरी दुकान पहुंचे, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने अल्पाहार किया.

### प्रतिष्ठित उद्योगपति मुकेश गुप्ता पर जानलेवा हमला

**कटनी.** शहर के विश्राम बाबा क्षेत्र में आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब गुप्ता गैस एजेंसी के संचालक और शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति मुकेश गुप्ता पर कतिपय तत्वों ने जानलेवा हमला कर दिया. हमलावरों ने न सिर्फ उद्योगपति के साथ बेरहमी से मारपीट की, बल्कि उनकी कार को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया. पीड़ित किसी तरह अपनी जान बचाकर सीधे माधवनगर थाने पहुंचे, जहां पुलिस मामले की जांच और प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई में जुट गई है. आज सुबह जब वे अपनी कार से इस जमीन का मुआयना करने पहुंचे, तो वहां पहले से ही करीब आधा सैकड़ा (50) युवक लाठी-डंडों से लैस होकर घात लगाए बैठे थे.

## उपचुनाव से पूर्व चेकिंग में पकड़े 19 लाख नकद

**दतिया, 5 जुलाई. दतिया विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के साथ ही जिले में आचार संहिता लागू होते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया. एसपी मयूर खंडेलवाल के निर्देश पर जिले भर में सघन चेकिंग शुरू की गई. इसी दौरान बड़ौनी थाना प्रभारी रमेश शाक्य ने चेकिंग में एक कार से 19 लाख रुपए नकद बरामद किए.**

जानकारी के अनुसार बड़ौनी थाना प्रभारी रमेश शाक्य दतिया के छोटे गुब्बारे के पास चेकिंग पॉइंट पर तैनात थे. वहां से गुजरने वाली हर गाड़ी की जांच की जा रही थी. इसी दौरान ब्रेजा कार को रोककर चेकिंग की गई. चेकिंग के दौरान कार से 19 लाख रुपए नकद मिले. पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम सचिन दुबे बताया. उसने बताया कि यह राशि डबरा के किसी व्यापारी की गल्ला की है और उसे दतिया ले जाया जा रहा था. लेकिन वह राशि के संबंध में पूरे और संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया. नियमों के अनुसार पर्याप्त प्रमाण न देने पर पुलिस ने पूरी नकदी जब्त कर ली है. मामले में आयकर विभाग और फ्लाइंग स्क्वाड को भी सूचना दे दी गई है. आगे की जांच की जा रही है. इस संबंध में बड़ौनी थाना प्रभारी रमेश शाक्य ने बताया कि 'एसपी के निर्देश पर आचार संहिता के पालन हेतु जिले में जगह-जगह चेकिंग लगाई गई है. छोटे गुब्बारे पर चेकिंग के दौरान एक ब्रेजा कार को रोका गया. तलाशी में कार से 19 लाख रुपए नकद मिले.

### जिले भर में शुरू हुई सघन चेकिंग

एसपी मयूर खंडेलवाल ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि संदिग्ध वाहनों, शराब, हथियार और नकदी पर विशेष नजर रखी जाए. चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए जिले की सभी सीमाओं और प्रमुख मार्गों पर चेकिंग पॉइंट बनाए गए हैं.

## 21 स्कूल वाहनों की जांच 20 हजार जुर्माना

**परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई**

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने शनिवार को विशेष जांच अभियान चलाया। जिला परिवहन अधिकारी जगदीश बिल्लोरे और विभागीय टीम ने 21 स्कूल वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान एक वाहन का वैध बीमा नहीं मिलने और तीन वाहनों के पीयूसी प्रमाणपत्र अमान्य पाए जाने पर कुल 20 हजार रुपए का समझौता शुल्क वसूला गया।

जांच के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी, आपातकालीन खिड़की एवं



दरवाजे, व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी), प्राथमिक उपचार पेटी, अग्निशमन यंत्र, फायर अलार्म सिस्टम, पैनिक बटन, एचएसआरपी प्लेट और स्पीड गवर्नर की बारीकी से जांच की गई। सभी वाहनों में स्पीड गवर्नर सही स्थिति में मिले और वाहनों की गति निर्धारित सीमा के अनुरूप पाई गई। निरीक्षण के दौरान दो स्कूल वाहनों के वाइपर और इंडिकेटर खराब मिले। इस पर संबंधित स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए गए कि आवश्यक सुधार कराने के बाद वाहनों को दोबारा परिवहन कार्यालय में निरीक्षण के लिए प्रस्तुत किया जाए। अभियान के दौरान वाहन चालकों को आपातकालीन स्थिति में अग्निशमन यंत्र, इमरजेंसी खिड़की और दरवाजों के उपयोग के संबंध में भी प्रशिक्षणात्मक समझाइश दी गई।

## स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क का शिलान्यास होगा आज

**अब भोपाल बनेगा औद्योगिक क्रांति का हब**

**भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को सतगढ़ी में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क का भूमिपूजन एवं शिलान्यास करेंगे. यह भोपाल को औद्योगिक और निवेश के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.**

इस अवसर पर 200 से अधिक उद्योगपति, निवेशक और उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे.करीब 173 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाला यह स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना, आईटी-एआई आधारित सुविधाओं, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग जैसी व्यवस्थाओं से सुसज्जित होगा. 'वर्क-लिव-ग्रो' मॉडल के तहत उद्योगों के साथ कौशल विकास और नवाचार को भी बढ़ावा दिया जाएगा. इसके अंतर्गत 25 एकड़ क्षेत्र में विश्वस्तरीय कन्वेंशन और एग्जिबिशन सेंटर भी बनाया जाएगा, जिसकी क्षमता 10 हजार से अधिक लोगों की होगी. यहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेश सम्मेलन एवं प्रदर्शनियां आयोजित की जा सकेंगी.

### गणवेश का इंतजार कर रहे 1.74 लाख बच्चे प्राचार्य का रोका वेतन

**बड़वानी.** नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए दो सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन जिले के सरकारी स्कूलों में पढने वाले कक्षा 1 से 8 तक के करीब 174822 विद्यार्थियों को अब तक नई गणवेश नहीं मिल सकी है। स्थिति यह है कि कई बच्चे पुरानी और छोटी पड़ चुकी यूनिफॉर्म पहनकर स्कूल पहुंच रहे हैं, जबकि बड़ी संख्या में विद्यार्थी बिना गणवेश के ही कक्षाओं में बैठने को मजबूर हैं। इससे स्कूलों में एकरूपता और अनुशासन की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। इस बार भी स्कूल शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों के बैंक खाते अपडेट करने के निर्देश दिए हैं.

## 2 करोड़ की अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**आलीराजपुर . जिले भर में अवैध शराब के तस्करी तथा परिवहन पर प्रभावी दृष्टि अपनाते हुए एसपी रघुवंश कुमार सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति उमठ बघेल एवं एसडीओपी जोबट रविन्द्र राठी के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियानों के तहत जोबट थाने की टीमों ने आज सुबह बड़ी कार्यवाही की.**

मुखबिर से प्राप्त विश्वसनीय जानकारी के आधार पर थाना प्रभारी जोबट द्वारा दो अलग-अलग टीमों को तत्काल तैनात कर कार्रवाई की गई.तलाशी के दौरान दो आयशर कंटेनर वाहनों से कुल 2004 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई. बरामद शराब का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2,00,00,000 बताया जा रहा है.

कार्रवाई के दौरान दोनों वाहनों के चालकों विक्रम (पिता शालगराम पाटीदार, उम्र 43 वर्ष, निवासी करनावद, थाना हाटपिपलिया, जिला देवास) एवं शिवलाल (पिता बालमुकुंद मालवीय, उम्र 55 वर्ष, निवासी ग्राम भैरवाखेड़ी, थाना टोककलां खुर्द, जिला देवास) को मौके से गिरफ्तार किया गया. घटनास्थल से दोनों आयशर कंटेनर भी जब्त किए गए हैं.

**सम्मेलन** | डॉ. मुखर्जी के बलिदान के कारण जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बना : शिवप्रकाश

# पीएम के नेतृत्व में 90 देशों को रक्षा उत्पाद निर्यात : डॉ. यादव

**भोपाल, 5 जुलाई . भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर आयोजित जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया.**

नेताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों, जम्मू-कश्मीर के भारत में पूर्ण एकीकरण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को




याद करते हुए संगठन को राष्ट्र निर्माण का मजबूत माध्यम बताया.

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की दूरदृष्टि के कारण पश्चिम बंगाल भारत का अभिन्न हिस्सा बना रहा और उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया. उन्होंने कहा कि आज भारत जिस औद्योगिक और शिक्षा नीति की दिशा में आगे बढ़ रहा है, उसकी नींव डॉ. मुखर्जी ने ही रखी थी. उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी का सपना साकार किया गया. उन्होंने कहा कि भारत आज रक्षा उत्पादन, आर्थिक विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए शिखर छू रहा है. मध्यप्रदेश भी तेजी से औद्योगिक निवेश का केंद्र बन रहा है और प्रदेश में बड़े स्तर पर निवेश एवं आधारभूत संरचना का विकास हो रहा है.


प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा विचार और कार्यकर्ता आधारित संगठन है तथा डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी चिंतन ने पार्टी की मजबूत नींव रखी. उन्होंने कहा कि बूथ भाजपा के लिए केवल मतदान केंद्र नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की इकाई है. सम्मेलन में नेताओं ने कार्यकर्ताओं से राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ संगठन को मजबूत करने और डॉ. मुखर्जी के विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का आह्वान किया.

# ममलेश्वर मंदिर में बड़े बदलाव की तैयारी

**क्यू मैनेजमेंट से जूता घर तक होंगे नए इंतजाम**

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** ओंकारेश्वर स्थित प्राचीन एवं संरक्षित ममलेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने मंदिर की व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि ओंकारेश्वर आने वाले लगभग सभी श्रद्धालु ममलेश्वर मंदिर में भी दर्शन करने पहुंचते हैं। यह मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के संरक्षण में है। लंबे समय से मंदिर परिसर में अव्यवस्थाओं और मूलभूत सुविधाओं की कमी को



लेकर शिकायतें मिल रही थीं, जिन्हें गंभीरता से लेते हुए ममलेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति का गठन किया गया है ।कलेक्टर ने बताया कि समिति नियमित बैठकें कर मंदिर की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रही है और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं। मंदिर परिसर में साफ-सफाई, सुचारु व्यवस्थाएं और अन्य आवश्यक सुविधाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए ममलेश्वर मंदिर के विकास कार्यों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद विकास कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। प्रस्तावित कार्यों में आधुनिक क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, श्रद्धालुओं के लिए जूता घर, प्रशासनिक भवन सहित अन्य आवश्यक निर्माण शामिल हैं, जिससे दर्शन व्यवस्था अधिक सुगम और व्यवस्थित हो सके।